संक्षिप्त

जयराम गुर्जर का सम्मान किया

मनोहरपुर, (निसं)। कस्बे के प्रतापपुरा में स्थती शिव मंदिर पापडा की ढाणी में गुर्जर समाज के गणमान्य लोगों ने राष्ट्रीय स्तर नेटबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने पर जयराम गुर्जर का साफा, माला पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जगदीश प्रसाद गुर्जर ने बताया कि पूर्व वार्डपंच मालीराम कसाना ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं का सदैव सम्मान करना चाहिए जिससे आगे बढने का हौसला बढता है। इस अवसर पर मालीराम कसाना, व कानाराम भूभला सहित अन्य ने भी गुर्जर को नकद राशि भेंट की। इस मौके पर रामकरण गुर्जर, बोदूराम गुर्जर, रिछपाल गुर्जर, रंगलाल गुर्जर, कानाराम भुमला, गणेश गुर्जर, जगदीश प्रसाद गुर्जर, ओमप्रकाश गुर्जर मौजूद रहे।

एटीएम नहीं होने से ग्राहक परेशान

निवाई, (निसं)। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा सिरस में एटीएम नहीं लगा होने से ग्राहकों को नकद राशि निकलवाने में परेशानी का सामना करना पड रहा है। पूर्व सीआर रामेश्वर मीणा, राजेश टायगर, श्यामलाल योगी, राजू जायसवाल, रामजीलाल जाट, ताराचन्द्र जाट, रामभजन योगी व गोविन्द सिंह सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि यूनियन बैंक सिरस में एटीएम नहीं लगा होने से ग्राहकों को छुट्टी के दिन राशि निकलवाने के लिए निवाई या टोंक जाना पडता है। उल्लेखनीय है कि सिरस में 3 वर्ष पहले एटीएम लगा हुआ था। जिससे ग्राहकों को अच्छी सुविधाएं मिल रही थी। बैंक प्रबंधन द्वारा उक्त एटीएम को हटा दिया है।

स्कूल का वार्षिक समारोह आयोजित

अलवर, (निसं)। बचपन स्कूल काला कुंआ अलवर का 6वॉ वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन शहर के महावर ओडोटोरियम में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूल की प्रिंसीपल पूनम जैन और डायरेक्टर डॉ.ललित जैन ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के चीफ गेस्ट अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंगल रहे जबकि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ओकेशपाल, राजेन्द्र प्रसाद जैन, एक्स प्रिंसीपल मंजू शर्मा, चीफ पेटी आफिसर रमेश चंद यादव,एक्स नेवी आफिसर शेर सिंह यादव एवं सैलीब्रिटी प्रज्ञा प्रजापति और साहिल अनरेजा शामिल हुए सभी ने बच्चों का उत्साह बढाया।

अज्ञात ने फसल के ढेर में आग लगाई

टोंक, (निसं)। पीपलू थाना क्षेत्र के ग्राम मालीपुरा में अज्ञात बदमाशों ने कटी फसल के ढेर पर आग लगा दी। इससे फसल जलकर राख हो गई। पीपलू थाना प्रभारी जगमोहन ने बताया की शनिवार रात्रि 2 बजे सूचना मिली कि रामप्रसाद पुत्र हरनाथ जाती सैनी, राजेंद्र पुत्र बजरंग लाल जैन पासरोटियां के अधोनी (सिरी) भंवर लाल सैनी की कटी हुई फसल पर अज्ञात लोगों ने आग लगा दी, जिसे दमकल बुलाकर बुझाया गया लेकिन दोनों खेतों की करीब 30 बोरी सरसों जलकर राख हो गई। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

221 पदयात्री खाटूश्याम रवाना

किशनगढबास, (निसं)। श्री श्याम प्रचार मंडल किशनगढबास के तत्वधान में 221 श्यामभक्त खाटूश्याम के लिए रवाना हुये। पदयात्रा किशनगढबास से होते हुए श्याम मंदिर बास कृपाल नगर से जुलूस के साथ रवाना हुई। श्याम भक्त नरेश गुप्ता ने बताया कि पदयात्रा 20 मार्च को खाटू श्याम पहुंचेगी। पदयात्रा में आनंद स्वरूप शर्मा, राधेश्याम अग्रवाल तिजारा वाले, धनराज जांगिड, नरेश गुप्ता, संस्कार अग्रवाल, देवेन्द्र जांगिड, विनोद सैनी, दिलबाग चौधरी, बलवान यादव, बिन्नू सैनी, अंशुल अग्रवाल मामचंद पंडित, चन्द्रशेखर स्वामी कृष्ण यादव, धीरज मालानी मौजूद रहे।

धारदार तलवार के साथ एक गिरफ्तार

निवाई, (निसं)। बरोनी थाना पुलिस ने अवैध धारदार तलवार के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि थानांतर्गत गांव मुख्तार नगर के राजकीय स्कूल के सामने से एक आरोपी को एक तलवार के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इसकी सूचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस ने बताया कि अनिल पुत्र रामस्वरूप वर्मा को गिरफ्तार कर अवैध तलवार को जब्त कर लिया।

पुरातन छात्र सम्मेलन में छात्र जीवन की यादों को साझा किया

चाकसू,(निसं)। कस्बे के टोंक रोड स्थित आदर्श विद्या मंदिर में पुरातन छात्र सम्मेलन हुआ। जिसमें विद्यालय छोड चुके लोगों ने हिस्सा लेकर अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया।

इस अवसर पर पुरातन छात्र समिति का गठन सर्वसम्मति से हुआ। पुरातन छात्र समिति द्वारा महेश कुमार शर्मा (डूसरी वाले) को संयोजक और दिनेश कुमार शर्मा को सह संयोजक नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामावतार बैरवा, अध्यक्षता महंत राजेंद्र पुरी महाराज, (गणेशपुरी धाम चाकसू) तथा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामदयाल सेन, जिला व्यवस्थापक आदर्श शिक्षा समिति जयपुर रहे। विद्या मंदिर की समिति द्वारा विधायक बैरवा एवं अतिथियों का साफा पहनाकर, स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया। पुरातन छात्रों के सम्मान में विद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

चाकसू में पुरातन छात्र सम्मेलन में विद्यालय छोड़ चुके लोगों ने हिस्सा लेकर अपने छात्र जीवन की यादों को साझा किया।

- समिति का गठन कर महेश शर्मा को संयोजक और दिनेश शर्मा को सहसंयोजक बनाया

मुख्य अतिथि रामावतार बैरवा ने चाकसू क्षेत्र को शिक्षा, चिकित्सा और सुविधाओं के क्षेत्र में अग्रणी करने का आश्वासन दिया। मुख्य वक्ता ने आदर्श विद्या मंदिर द्वारा संस्कार युक्त शिक्षा, अनुशासन, देशभक्ति और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी विद्यालय बताते हुए पूरे देश भर में विद्या मंदिरों द्वारा किए जा रहे युवाओं द्वारा राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्या मंदिर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉक्टर सरदार सिंह यादव, जगदीश प्रसाद गुर्जर, किशोरी लाल शर्मा, घनश्याम शर्मा, गोविंद सिंह गुर्जर, लालचंद शर्मा, गणेश नारायण मीणा, परीक्षा 2021में चयनित प्रद्युमन अग्रवाल और संजय चौधरी, भामाशाह महेश शर्मा, रचना शर्मा, अभिषेक जैन, शंभू घीया, रामेश्वर प्रसाद माली, अजय शर्मा आदि का पुरातन छात्र परिषद द्वारा स्वागत और सम्मान किया गया। महंत राजेंद्र पुरी ने सभी को आशीर्वाद प्रदान करते हुए सनातन धर्म और संस्कृति की रक्षा हेतु कार्य करने का सभी से आव्हान किया। विद्यालय के व्यवस्थापक घनश्याम बाहेती, सत्यनारायण सांवरिया, मुकुट रावत, जुगल किशोर गर्ग, निहालचंद जैन, सचिन लाभी, रचना शर्मा, आशीष गुप्ता, प्रधानाचार्य सुमेर सिंह शेखावत, सीमा शर्मा, रामावतार जाट, गणपत सिंह सिसोदिया एवं समिति द्वारा आगंतुकों का स्वागत और सत्कार किया गया। इस अवसर पर चाकसू कस्बे के 250 पूर्व छात्रों ने भाग लिया। पुरातन छात्र समिति द्वारा अतिथियों का स्वागत और सत्कार किया गया। विद्यालय का समस्त स्टाफ और पूर्व छात्र परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेंधमारी कर लाखों की चोरी

टोंक, (निसं)। सदर थाना इलाके में रविवार को बमोर रेड स्थित एक मकान से अज्ञात चोर एक लाख दस हजार की नगदी समेत साढे तीन लाख के जेवरात पार हाथ साफ कर गए। जानकारी के अनुसार गणेश सैनी पुत्र मोतीलाल 4 बजे बाद सरपंच कॉलोनी स्थित अपने गोदाम को समहलने गया था। इस दौरान पीछे से अज्ञात चोर पीछे के गेट का ताला तोडकर अंदर गया और चांदी के कडिया, कडूले, कनकती, सोने के मंगलसूत्र, टोपिस सहित एक लाख दस हजार की नकदी पार कर ले गए। जानकारी के अनुसार गणेश सैनी ने मकान में कॉल्ड्रीन्क व आईसक्रीम की एजेंसी लगा रखी थी, अपरान्ह को वह सरपंच कॉलोनी स्थित गौदाम को सम्हालने गया था, जिसके पीछे से यह वारदात हो गई। सूचना पर सदर थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मौका मुआयना कर साक्ष्य साक्षी जुटाए। पीएफ गणेश सैनी ने बताया कि जिस दौरान चोरी हुई उसे समय उसके पिताजी मकान के बाहर में गेट पर थे वही उसकी पत्नी भी किसी काम से पडोस में गई हुई थी। जहा मौका देखकर चोरों ने पीछे का गेट खोलकर अंदर प्रवेश किया और नगदी और जेवरात चुरा ले गए।

फुलेरा में दो स्थानों पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

फुलेरा, (निसं)। फुलेरा में रविवार को दो अलग-अलग स्थानों पर स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। जिनमें क्षेत्रवासियों सहित आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने बढ-चढकर हिस्सा लिया। साथ ही उत्साह के साथ रक्तदान किया।

गौरतलब है कि कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित रामद्वारा धर्मशाला में फुलेरा ब्लड बैंक की प्रथम वर्षगांठ पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर आयोजनकर्ताओं ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर के दौरान डॉ. पवन गुप्ता एवं उनकी टीम के द्वारा कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया साथ ही आगे बताया कि कस्बे में गत वर्ष 13 मार्च 2023 को फुलेरा ब्लड बैंक की स्थापना हुई थी। जिसकी प्रथम वर्षगांठ पर उक्त रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। वहीं आगे बताया कि रक्तदाताओं की हौसला अफजाई हेतु उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं जीवन सुरक्षा के हेतु एक हेलमेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अंशु कुमावत, हिमांशु कुमावत,

रक्तदान शिविर में सरकारी ब्लड बैंक के डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया।

लेखराज कुमावत, मनीष सैनी, मनोज जोगी, हरफूल योगी, चेतना, सुमन नायक विशेष सेवाएं प्रदान की। वहीं दूसरी ओर कस्बे की बालाजी बायपास सडक स्थित माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर परिसर में भी सेवा भारती समिति के द्वारा तरूण भारत रक्तदान शिविर एवं निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. गजेन्द्र कुमार शर्मा, एक्यूप्रेशर डॉ मूलचन्द जांगिड एवं बीईएमएस डीएनवाईएस डॉ. अविनाश दाधिच ने सेवाएं प्रदान की। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी महावीर प्रसाद जैन ने बताया कि आयोजित रक्तदान शिविर में सरकारी ब्लड बैंक के डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 80 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

सिंघीवाल समाज का सम्मेलन

कोटपूतली, (निसं)। जनकल्याण संस्थान जयपुर एवं सिंघीवाल समाज विकास समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को रिवाला धाम मलपुरा में सिंघीवाल समाज का सम्मेलन आयोजित हुआ। इस मौके पर हवन यज्ञ किया गया। रिवाला धाम महंत स्वामी गणेशानन्द महाराज ने कहा कि विश्व भर में केवल हिंदू संस्कृति एवं हिन्दू रिति नीति ही सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने गाय की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हम सभी की मुक्ति का आधार गाय है, हमें परिवार में गाय रखनी चाहिये एवं गौ माता के दूध व घी का सेवन करना चाहिये। धर्मजागरण विभाग के प्रांत संयोजक अशोक शर्मा ने कहा कि हम सभी के पूर्वज हिन्दू थे और हमें इस बात का गर्व होना चाहिये। धर्म जागरण प्रांत प्रमुख अमर सिंह ने कहा कि हमें अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने का प्रयास करना चाहिये। समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करने का प्रयास करना चाहिये। ब्रह्म मुनि महाराज व विभाग सह संयोजक लक्ष्मण मीणा ने भी सम्बोधित किया। सिंघीवाल समाज विकास समिति के पदाधिकारियों सहित समाज के लोगों ने समाज विकास पर अपने विचार रखे।

सांभर अंबेड़कर समिति के नवीन पदाधिकारियों की घोषणा

सांभर में अंबेडकर चेतना समिति के नवीन पदाधिकारी घोषित किए गए।

सांभरझील, (निसं)। अंबेडकर भवन में डॉ.भीमराव अंबेडकर चेतना समिति की आमसभा का आयोजन प्रतापचंद बासीवाल की अध्यक्षता में किया गया।

इसमें सर्वसम्मति से पदाधिकारियों को निर्वाचित किया गया। जिसमें संरक्षक डॉ.ज्ञान प्रकाश दायमा , ताराचंद तंवर, प्रतापचंद बासीवाल, जगदीश प्रसाद सांभरिया, मदनलाल चौहान, अध्यक्ष विनोद दुलारिया, उपाध्यक्ष भागचंद सुखरिया, मोहनलाल गर्वा, राजेश कचावटिया, जगदीश प्रसाद सुनिया, अरविंद मेहरडा, महासचिव नाथूलाल बेरवाल, सचिव रमेश कुमार बंसीवाल, अभिलाष तंबोलिया, पुखराज भांडोरिया, कोषाध्यक्ष नंदकिशोर सांभरिया, सहकोषाध्यक्ष कैलाश सांभरिया, संगठन मंत्री नानकराम गेहनोलिया, प्रभुदयाल उज्जैनिया, प्रचार मंत्री दीनदयाल सबलानिया, कपिल चौहान, देवेंद्र कुमार, सूरज सबलानिया, सत्यनारायण सालोदिया, गिरधारी गेहनोलिया, हिरालाल चौहान, मांगीलाल बंसीवाल, दानमाल जावलिया, मिश्रीलाल बोकोलिया, खेमचंद सबलानिया, भंवर लाल बंसीवाल, सुनील बंसीवाल, कोमेश नोगिया, मनीष नोगिया, पुरुषोत्तम बासीवाल, प्रवक्ता जितेंद्र दुलारिया, आशीष खारडिया, बाबूलाल सबलानिया, हरिप्रकाश सबलानिया , शिवराम गेहनोलिया, हिमांशु बुनकर, मीडिया प्रभारी गोपाल नोगिया को निर्वाचित किया गया।

सिद्धचक्र महामंडल विधान को लेकर रथयात्रा निकाली

निवाई, (निसं)। सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति माताजी एवं सुबोधमति माताजी के सानिध्य में अष्टानिका पर्व को लेकर रविवार को श्री 1008 सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ विशाल रथयात्रा निकाल कर किया गया।

सुनिल भाणजा ने बताया कि भगवान पारसनाथ की विशाल रथ यात्रा के जुलूस में सबसे आगे ध्वज लेकर युवा चल रहे थे। सभी महिला मंडल अपने ड्रेस कोड के साथ भगवान पारसनाथ का जयकारा लगाते हुए चल रही थी। महिला जय घोष अपनी धुन बजाते हुए चल रहा था। जो मुख्य आकर्षण का केंद्र बना हुआ था। अंत में पीली कंठ के रथ में भगवान पारसनाथ को सारथी के रूप में महावीरप्रसाद जैन पहाडी रथ को खेंचते हुए चल रहे थे। ख्वासजी धर्मचंद जैन पहाडी को बनाया गया। सुनिल ने बताया कि भगवान पार्श्वनाथ का विशाल जूलूस कायस्थों का मोहल्ला, पटेल रोड, बडा बाजार, सब्जी मंडी, बिचला जैन मंदिर, चौहटी बाजार, गणगौरी बाजार, राधा दामोदर जी का कुंड व पुलिस थाना के सामने से होता हुआ पारसनाथ उद्यान नसिया मंदिर स्थित संत निवास पहुंचा।

- ध्वजारोहण के साथ हुआ शुभारंभ

जहां पं. धर्मचंद शास्त्री अष्टापद द्वारा मंत्रोच्चार पूर्वक विधि विधान के साथ झंडारोहण कराया। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य तारा देवी, महावीर प्रसाद, मनभरदेवी जैन, मुकेश कुमार, अनिल कुमार जैन पहाडी परिवार द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि ध्वजारोहण के पश्चात विधान की पूजा प्रारंभ हुई जिससे पूर्व देव, आज्ञा गुरु आज्ञा, आचार्य निमंत्रण, अंकुरारोपण, सकलीकरण, इंद्र प्रतिष्ठा, मंडप प्रतिष्ठा भूमि शुद्धि की गई। इसके बाद शांति धारा के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। तत्पश्चात संगीतकार अरविंदकुमार जैन सागर द्वारा नित्य नियम पूजा व पर्व पूजा के साथ विधान पूजा प्रारंभ हुई जिसमें सौधर्म इंद्र परिवार द्वारा आठ श्रीफल अर्घ्य चढाकर मंडप पर समर्पित किए गए। इस अवसर पर समाज के मंत्री महावीरप्रसाद पराना, शिखरचंद काला, महेंद्र चंवरिया, मनोज पाटनी, सुनील भाणजा, अशोक बिलाला, पवन बोहरा, राजेंद्र बगडी, विनोद सुनारा व विमल सोगानी आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह आयोजित

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत गढी मामोड में स्थित श्रीमती मंजू देवी मेमोरियल कॉलेज में रविवार को वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया । इस अवसर पर अतिथि के रूप में मौजूद एनयुएसआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड, एसडीएम ऋषिराज, खरकडी कला सरपंच भागीरथ सैनी, लोकेश रैया, सरपंच प्रतिनिधि मातादीन गुर्जर आदि का संस्था कि ओर से साफा और माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। समारोह में कॉलेज की 65 प्रतिभावान छात्राए खेलकूद सहित अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बालिकाओं को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति

वार्षिकोत्सव में कॉलेज की 65 प्रतिभाएं सम्मानित हुई।

पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रेरणादायक व देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुती देकर छात्राओं ने दर्शको से खूब तालियाँ बटौरी। एनयुएसआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीती की पहली

- कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया

सीढी छात्र राजनीति होती हैं। वही छात्र राजनीति आपको संघर्ष करना सिखाती हैं और आपको मजबूत बनाती हैं। उन्होंने कहा कि जब एक बेटी शिक्षित होती हैं तो एक परिवार और समाज शिक्षित होता हैं। मंच संचालन विजेंद्र सिंह ने किया। इस मौके पर कॉलेज निदेशक बब्लू बागडा, एसएचएम निदेशक शिशुपाल यादव, पीएम स्वामी, प्रमोद गुर्जर सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

मत प्रतिशत बढ़ाने की अपील

अचरोल, (निसं)। जिलाध्यक्ष जयपुर देहात उत्तर श्याम शर्मा एवं जिला अध्यक्ष दक्षिण सुरेश गुर्जर की अध्यक्षता में अचरोल स्थित वसुंधरा पीजी महाविद्यालय में बैठक संपन्न हुई। उत्तर देहात जिला अध्यक्ष श्याम शर्मा ने उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लोकसभा चुनाव में पिछले लोकसभा चुनाव से अधिक मत प्रतिशत बढाने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क करें और प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल द्वारा जनहित में कराए जाने वाले कार्यों को जन-जन तक पहुंचाएं जिससे भाजपा को समर्थन मिल सके। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री किरोडी लाल, सहप्रभारी विमल अग्रवाल, लोकसभा संयोजक निर्मल कुमावत, जिला प्रभारी सतवीर यादव, जिला प्रमुख रामा चोपडा, विधायक विराटनगर कुलदीप धनकर, कोटपूतली हंसराज पटेल, बानसूर देवी सिंह, जमवारामगढ महेंद्र पाल मीणा, उपेन यादव आदि ने भाग लिया ।

सार-समाचार

129 महिलाओं को राशन बांटा

गोविंदगढ/अलवर, (निसं)।कस्बे में 253वां निशुल्क राशन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में गोपाल चौधरी प्रधान पति पंचायत समिति गोविंदगढ, विशिष्ट अतिथि राजेश जैन बडौदामेव, देवाराम बडौदामेव एवं मदन फौजी बडौदामेव की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबूलाल शर्मा जलाल पुरिया गोविंदगढ ने की। कार्यक्रम में सैंकडों विधवा, परितत्या, वृद्ध, विकलांग लोगों ने समिति द्वारा लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा लगभग 129 राशन गृहिताओं को राशन सामग्री का वितरण किया गया एवं सैंकडों लोगों को भोजन की नि:शुल्क व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में समिति के रामेश्वर रावत, गिर्राज प्रसाद मीणा, कैलाश चंद्र गुप्ता, मंत्री नदीश कुमार स्वामी, ओमदीप गुप्ता, भुवनेश गुप्ता, लक्ष्मण शर्मा, कैलाश शर्मा, सीताराम गाबा, मोहन सेठी, डालचंद गुप्ता, अमित शर्मा, रत्तीराम शर्मा, मुकेश शर्मा, गुरदीप सिंह एवं समस्त कार्यकारिणी श्री मानव सेवा समिति गोविंदगढ उपस्थित रही।

बस्ती संपर्क एवं संवाद संयोजक बने

श्रीमाधोपुर, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के बस्ती संपर्क अभियान सीकर के जिला संयोजक बाबूलाल हल्दुनिया ने विधानसभा क्षेत्र श्रीमाधोपुर में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा बस्ती संपर्क एवं संवाद संपर्क अभियान को गति देने के लिए बस्ती संयोजक एवं बस्ती सह संयोजक नियुक्त किए हैं। जानकारी के अनुसार श्रीमाधोपुर देहात के लिए बस्ती संयोजक महेंद्र कुमार वर्मा को, श्रीमाधोपुर शहर बस्ती संयोजक रामावतार महरडा को, अजीतगढ बस्ती संयोजक सीताराम वर्मा एवम सह संयोजक लालचंद, टोडा चीपलाटा विधानसभा मंडल के लिए सीताराम वर्मा को बस्ती संयोजक, भारणी के लिए गिरधारी सूबेदार को एवं थोई झाडली मंडल के लिए प्रमोद कुमार सकरवाल को बस्ती संयोजक नियुक्त किया है। हल्दुनिया ने यह नियुक्ति भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेश कुमार मेघवाल की सहमति से की है। इन नियुक्तियों पर भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा शहर अध्यक्ष अशोक कुमार मीणा, अनुसूचित जाति शहर मंत्री सुरेश मतंग, डॉ आंबेडकर जागृति संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष भोजराज वर्मा सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष महेश कुमार मेघवाल व जिला संयोजक बाबूलाल हल्दुनिया का आभार व्यक्त करते हुए नवनियुक्त संयोजक रामावतार महरडा सहित अन्य को बधाइयां दी हैं।

बीसीएमओ ने मरीजों का उपचार किया

कोटपूतली, (निसं)। बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर ने आयुष्मान आरोग्य मन्दिर-आरोग्य परम धनम् शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र नागाजी की गौर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ ने अस्पताल की व्यवस्थायें देखी। आदर्श चुनाव आचार संहिता की पालना को लेकर संस्था से पोस्टर व बैनर हटवाये गये। वहीं संस्था में चिकित्सक पदस्थापित नहीं होने के कारण बीसीएमओ डॉ. गुर्जर ने ओपीडी में मरीजों का उपचार किया। उन्होंने सीएमएचओ से संस्था में शीघ्र ही चिकित्सक लगवाने का अनुरोध किया है। इस दौरान सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

श्रीराम उत्सव धूमधाम से मनेगा

कोटपूतली, (निसं)। विश्व हिंदू परिषद् की बैठक रविवार को ग्राम बिलवाडी के ओलिया हनुमान मंदिर में जिलाध्यक्ष रामविलास सिंघल के नेतृत्व में आयोजित की गई। जिला सह मंत्री अशोक सैनी ने विश्व हिंदू परिषद् के आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा रखते हुए कार्यो को गति देने के लिए लक्ष्य तय किये। आगामी भारतीय नववर्ष से हनुमान जयंती तक जिले भर में ग्राम इकाई स्तर तक धूमधाम से श्रीराम उत्सव मनाया जायेगा। इस दौरान विराटनगर निवासी भारत हिन्दू को प्रखण्ड मंत्री, राकेश हिन्दू को प्रखंड सह मंत्री व संजय हिन्दू को बजरंग दल प्रखंड संयोजक की जिम्मेदारी दी गई। बैठक में बजरंग दल जिला संयोजक नेमीचंद हिन्दू, जिला सह संयोजक सुरेंद्र हिन्दू, जिला कोष अध्यक्ष रामसिंह सैनी, प्रखंड अध्यक्ष रामसिंह जाट, प्रखंड मंत्री उमेश हिन्दू, मनीष जोशी, अशोक गुर्जर, कृष्ण, राजेश सैनी, सुरेंद्र जाट समेत अन्य मौजूद रहे।

रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्तदान

राजगढ, (निसं)। समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद की ओर से किरण मोतीलाल बोहरा की स्मृति में खंडेलवाल धर्मशाला में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 45 यूनिट रक्तदान हुआ। कार्यक्रम के संयोजक पारस सर्राफ, जिनेंद्र जैन ने बताया कि भारत माता के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ हुआ। भारत विकास परिषद के संरक्षक डॉ के एम गुप्ता,राजेश शर्मा ठेकेदार, लोकेश रावत, रश्मि विजय, एवं अन्य की प्रेरणा से युवाओ ने रक्तदान किया। माखनलाल चैरिटेबल ट्रस्ट अलवर ब्लड बैंक टीम ने रक्तदान शिविर में सहयोग किया। राजेश शर्मा ठेकेदार ने कहा कि रक्तदान से बडा कोई पुण्य नहीं है, केवल रक्त का एकमात्र स्त्रोत मानव है। उन्होंने रक्तदान के प्रति व्याप्त भ्रान्तियों को उदाहरण देकर दूर किया। इस शिविर में 45 यूनिट रक्तदान हुआ। इस अवसर पर ओम प्रकाश गुप्ता, सूर्य प्रकाश, दीपक विजय, खामोश सैनी, एवं अन्य मौजूद रहे। रक्तदान करने वाले सेवाभावियों का प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह से सम्मानित कर हौसला अफजाई की।

1035 नेत्र रोगियों की जांच व दवा बांटी

नारायणपुर, (निसं)। मिश्री देवी आई हॉस्पिटल एवं रिसर्च सैन्टर बहरोड के सयुंक्त तत्वाधान में रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में युवा यादव महासभा अध्यक्ष राजेन्द्र यादव के सानिध्य में आयोजित आँखों का निशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ.विरेन्द्र सिंह यादव बहरोड द्वारा 1035 मरीजों की जांच कर निशुल्क दवा वितरण की गई । जिसमे देर शाम तक मोतियाबिंद, भैंगापन, नाखुना, काला पानी आदि बीमारी के मरीजों की जांचकर निशुल्क दवा दी गई । ऑपरेशन के लिए 217 मरीजों को चयनित किया गया। जिनका नारायणपुर से लाने-ले जाने सहित बहरोड अस्पताल में मरीजों का 4 चरणों में निशुल्क ऑपरेशन किया जायेंगा। इस अवसर पर मरीजों को चाय, फल, बिस्कुट वितरण किया गया।

साक्षरता परीक्षा का आयोजन

निवाई, (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय झिलाय में रविवार को साक्षरता परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें 32 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। उक्त परीक्षा को लेकर रविवार को केंद्र अधीक्षक अनुराधा वर्मा नें उपस्थित रहकर आयोजन करवाया। इस दौरान बनवारीलाल मिश्रा, रश्मि जैन, दिनेशकुमार जांगिड, मणिशंकर पारीक व राजकंवर गुर्जर मौजूद थे।